## न्यायालय सिविल जज जू0डि0, खलीलाबाद स्थान– बस्ती
## मूलवाद सं0 227/2014
## रामललित बनाम रामभुआल

**27.02.2018**

पत्रावली पेश हुई। पुकार पर उभय पक्ष मय विद्वान अधिवक्ता उपस्थित। पत्रावली आज प्रार्थनापत्र 40क2 के निस्तारण हेतु नियत है।

प्रार्थनापत्र 40क2 वादी द्वारा इस आशय का दिया गया है कि माननीय न्यायालय के आदेशानुसार वाद का मूल्यांकन मु0 20,000/– रूपए निर्धारित किया गया है। ऐसी दशा में वाद पत्र में मूल्यांकन की दफा में संशोधन की अनुमति दिया जाना आवश्यक एवं न्यायसंगत है।

प्रतिवादी द्वारा प्रार्थनापत्र पर मौखिक आपत्ति की गयी है।

सुना तथा पत्रावली का अवलोकन किया।

पत्रावली का अवलोकन करने से विदित होता है कि प्रार्थनापत्र 40क2 न्यायालय के आदेश के अनुपालन में वादपत्र के मूल्यांकन पैरा में संशोधन करने के आशय से दिया गया है। प्रार्थनापत्र शपथपत्र से समर्थित है। अतः प्रार्थनापत्र 40क2 न्यायहित में स्वीकार किए जाने योग्य है।

**आदेश**

प्रार्थनापत्र 40क2 स्वीकार किया जाता है। वादी आवश्यक संशोधन अंदर दस दिन करे। पत्रावली वास्ते मुंसरिम रिपोर्ट/निस्तारण प्रार्थनापत्र 42ग2 दिनांक 11.04.2018 को पेश हो।

सिविल जज जू0डि0,
खलीलाबाद स्थान–बस्ती